**विधान परिषद् के द्वितीय सत्र 2023 के प्रथम सोमवार हेतु निर्धारित श्री राज बहादुर <u>सिंह चन्देल, मा0 सदस्य विधान परिषद् द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-17 का उत्तर</u>**

| क्र0 | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 17(क) | क्या वित्त मंत्री बतायेंगे कि कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक, उन्नाव, वित्त एवं लेखाधिकारी, माध्यमिक शिक्षा, उन्नाव तथा लेखाकारों के पद कब से रिक्त है? | (क) कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक, उन्नाव में वित्त एवं लेखाधिकारी का पद दिनाँक 13.10.2021 से रिक्त है।<br>कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक, उन्नाव में लेखाकारों के पद दिनाँक 01.02.2021 से रिक्त हैं। |
| (ख) | उक्त रिक्त पदों पर तैनाती कब तक करा दी जायेगी? | (ख) स्थानीय व्यवस्था के अन्तर्गत जिलाधिकारी, उन्नाव द्वारा वित्त एवं लेखाधिकारी, कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक उन्नाव के पद का अतिरिक्त प्रभार श्री आशुतोष मिश्रा, सहायक लेखाधिकारी, राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान, उन्नाव को दिनाँक 10.08.2022 द्वारा दिया गया। तदुपरान्त कोषागार निदेशालय के पत्रांक दिनांक 01.08.2023 द्वारा वित्त एवं लेखाधिकारी, कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक, उन्नाव के पद का अतिरिक्त प्रभार श्री अनिल कुमार दुबे, वित्त एवं लेखाधिकारी, बेसिक शिक्षा, उन्नाव को दिया गया है।<br>आंतरिक लेखा परीक्षा निदेशालय के आदेश दिनाँक 30.06.2023 द्वारा श्री कोमल सिंह, लेखाकार, कार्यालय वित्तीय परामर्शदाता जिला पंचायत, इटावा एवं श्री रमेश कुमार रावत, लेखाकार कार्यालय जिला सूचना अधिकारी, उन्नाव को कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक, उन्नाव में लेखाकार के पदों पर तैनात कर दिया गया है। |

**सुरेश कुमार खन्ना**
**मंत्री,**
**वित्त एवं संसदीय कार्य विभाग।**